**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही**
**उत्तर प्रदेश**

**मिशन शक्ति 2025 (फेज-05 )** **दिनांक : 10/11/2025**

**आख्या**

**विषय : मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन |**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में दिनांक 10 नवंबर 2021 को मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माया ने किया। डॉ माया ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को न केवल इलाज की सुविधा दी जा रही है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुजीत सिंह एवं श्री आशीष जायसवाल ने किया साथ ही डॉ रुस्तम अली राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही की टीम डॉ गरिमा, डॉ श्वेता यादव, फार्मासिस्ट श्री अरविंद, एएनएम सुश्री खुशबू एवं स्टाफ नर्स सुश्री वंदना की सक्रिय भागीदारी रही।विशेष रूप से उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), एनीमिया और मधुमेह (शुगर) सहित अन्य स्वास्थ्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ महिलाओं में इन बीमारियों के लक्षण पाए गए, जिन्हें आगे के इलाज और परीक्षण के लिए उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने महिलाओं को बताया कि थकान, चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, धुंधली दृष्टि जैसे लक्षण मधुमेह या उच्च रक्तचाप के संकेत हो सकते हैं, ऐसे लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। शिविर में करीब 250 छात्राओं सहित महाविद्यालय संकाय की महिला प्राध्यापकों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उपर्युक्त कार्यक्रम में 250 -छात्राओं ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया |

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही


बहुद्देशीय मंच
डॉ. श्यामा प्रसाद मुख
राजकीय स्नातकोत्तर महावि
भदोही
डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
सम्बद्धः माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्ज़ापुर
मिशन शक्ति फेज 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
112
1098
102 स्वास्थ्य सेवा
101 एम्बुलेन्स सेवा


बहुद्देशीय मंच
श्यामा प्रसाद मुखर्जी
य स्नातकोत्तर महाविद्यालय
भदोही
माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्ज़ापुर
मिशन शक्ति फेज 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
1098
102 स्वास्थ्य सेवा
101
राष्ट्रीय सेवा योजना







हिन्दुस्तान

# छात्राओं को एनीमिया-ब्लड प्रेशर के लक्षण बताए

**भदोही, संवाददाता।** शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच किया गया।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा. माया ने किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को न केवल इलाज की सुविधा दी जा रही है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर का संयोजन डा. सुजीत कुमार सिंह एवं आशीष जायसवाल ने किया। शिविर को सफल बनाने में डा. रुस्तम अली, डा. अंकिता तिवारी रहीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही की टीम के डा. गरिमा, डा. श्वेता यादव, फार्मासिस्ट अरविंद, एएनएम खुशबू एवं स्टाफ नर्स वंदना ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की और स्वास्थ्यगत कमियों को दूर करने के लिए दवाइयां और उपाय बताए। शिविर में विशेष रूप से उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), एनीमिया और मधुमेह (शुगर) सहित अन्य स्वास्थ्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ छात्राओं में इन बीमारियों के लक्षण पाए गए। जिन्हें आगे के इलाज और परीक्षण के लिए उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि थकान, चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, धुंधली दृष्टि जैसे लक्षण मधुमेह या उच्च रक्तचाप के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके। साथ ही किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। शिविर में करीब 250 छात्राओं सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर में शामिल छात्राएं।

# शिविर में 250 छात्राओं की जांच

**भदोही।** नगर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति और राष्ट्रीय सेवा योजना के की ओर से महाविद्यालय की छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

शिविर में 250 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. माया ने किया। कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं-बालिकाओं के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही की टीम डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता यादव, फार्मासिस्ट अरविंद, एएनएम खुशबू एवं स्टाफ नर्स वंदना ने जांच की। वहीं



**स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं की जांच करतीं चिकित्सक।** स्रोत : महाविद्यालय

छात्राओं को स्वास्थ्यगत कमियों को दूर करने के उपाय बताए।

विशेष रूप से उच्च रक्त चाप (हाई ब्लड प्रेशर), एनीमिया, मधुमेह (शुगर) सहित अन्य के लक्षण बताए गए। मौके पर डॉ. सुजीत कुमार सिंह व आशीष जायसवाल, डॉ. रुस्तम अली डॉ. अंकिता तिवारी मौजूद रहीं। संवाद

# 250 छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- सीएचसी की चिकित्सकीय टीम ने बताए स्वस्थ रहने का उपाय
- मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित किया गया था शिविर

जागरण संवाददाता, भदोही : डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से छात्राओं के लिए निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें कुल 250 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. माया ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को न केवल इलाज की सुविधा दी जा रही है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य शिविर का संयोजन डा. सुजीत कुमार सिंह एवं आशीष जायसवाल ने किया। शिविर को सफल बनाने में डा. रुस्तम अली और डा. अंकिता तिवारी की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही की डा. गरिमा सिंह के नेतृत्व में डा. श्वेता यादव, फार्मासिस्ट अरविंद, एएनएम खुशबू एवं स्टाफ नर्स वंदना ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की और दवाइयां वितरित कर सेवन के उपाय बताए। शिविर में विशेष रूप से उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर), एनीमिया और मधुमेह (शुगर) सहित अन्य



एसपीएम राजकीय महाविद्यालय में लगे निश्शुल्क शिविर में छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण करते चिकित्सक • जागरण

स्वास्थ्य बीमारियों की जांच की गई। कुछ छात्राओं में इन बीमारियों के लक्षण पाए गए, जिन्हें आगे के इलाज और परीक्षण के लिए उचित परामर्श दिया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि थकान, चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, धुंधली दृष्टि जैसे लक्षण मधुमेह या उच्च रक्तचाप के संकेत हो सकते हैं, ऐसे लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई।

शिविर में करीब 250 छात्राओं सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।